अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , सोमवार,15 दिसंबर 2025

PAGE NO IV : TOP

# देवमूर्ति की गुलदाउदी बनी किंग और श्रद्धा की क्वीन ऑफ शो

## संस्थागत श्रेणी में कैंटोनमेंट बोर्ड ने जीती ट्रॉफी, गंगाशील रहा उप विजेता, प्रदर्शनी के विजेताओं को उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने बांटे पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



गुलदाउदी प्रदर्शनी के विजेताओं को सम्मानित करते मंत्री सुबोध उनियाल। • अमृत विचार



प्रदर्शनी को देखते डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. लता अग्रवाल और डॉ. वरुण अग्रवाल।



फूलों के साथ फोटो लेते बच्चे व युवती। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** जीआरएम स्कूल परिसर में दो दिवसीय 26वीं श्री नमोनारायण स्मृति गुलदाउदी प्रदर्शनी का रविवार को समापन हुआ। प्रदर्शनी में आखिरी दिन पुष्प प्रेमियों की भीड़ उमड़ी। प्रदर्शनी में 30 किस्मों के 967 गमले प्रदर्शित किए गए, जिसमें देव मूर्ति की गुलदाउदी को ''किंग ऑफ द शो'' और श्रद्धा खंडेलवाल की गुलदाउदी को 'क्वीन ऑफ द शो' घोषित किया गया।

समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में संसदीय कार्य एवं वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि आज अधिकांश बीमारियों की जड़ तनाव है। ऐसे में इस तरह के आयोजन मानसिक तनाव से बचने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रदर्शनी में संस्थागत श्रेणी में कैंटोनमेंट बोर्ड ने आठ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी जीती, जबकि गंगाशील को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। आईवीआरआई को एक कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं द्वितीय पुरस्कारों में गंगाशील को पांच, बिशप स्कूल को दो और आईवीआरआई और केसीएमटी को एक-एक सम्मान मिला।

### व्यक्तिगत प्रविष्टियों में ये रहे विजेता

व्यक्तिगत प्रविष्टियों में शशि बाला राठी, आशा मूर्ति, फादर रॉयल एंथनी, हरीश भल्ला और विभा वैश्य को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि पुनीत शर्मा, रजत खंडेलवाल, पूनमदीगर, नरेंद्र गुप्ता, निरुपम शर्मा और आलोक बंसल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यार्थियों में कक्षा 11 के पार्थ भाटिया को बेहतरीन डिजिटल इनवाइट तैयार करने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 9 के कुशाग्र सारस्वत, कक्षा 5 की दिया और कक्षा 6 के अथर्व सक्सेना को प्रदर्शनी में अपनी एंट्रीज लाने के लिए सम्मान मिला।

### पहली बार भाग लेने वाले स्कूल सम्मानित

26वें संस्करण में पहली बार भाग लेने वाले केशलता इंटरनेशनल स्कूल, द गुरु स्कूल, अल्मा मातेर डे बोर्डिंग स्कूल और डॉ. अजय को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. आलोक खरे और पूजा अग्रवाल सहित जीआरएम के मालियों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने पर कैंट बोर्ड को विजेता और गंगाशील को उपविजेता ट्रॉफी सौंपी गई। जीआरएम की चेयरपर्सन आशानी अग्रवाल, ट्रस्ट के प्रेसिडेंट रवि अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल और प्राचार्य रणधीर सिंह रावत ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रदर्शनी के कोऑर्डिनेटर नसिक टंडन व मुग्ध बिष्ट रहे, जबकि संचालन रजनीश त्रिवेदी और राहुल मैसी ने किया। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. वरुण अग्रवाल आदि मौजूद रहे। विद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफ ने प्रदर्शनी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।